रेलवे भर्ती बोर्ड, मुजफ्फरपुर

लीची बगान, मुजफ्फरपुर–842001 (बिहार)

बेवसाईटः www.rrbmuzaffarpur.gov.in
फोन नं0– 0621–2213405

ई.मेलः rrbmfp@nic.in
फैक्स नं0– 0621–2213405

महत्वपूर्ण सूचना

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना संख्या–01/2014
लिखित परीक्षा की सूचना

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना संख्या– 01/2014, कोटि संख्या–01, पद– सहायक लोको पायलट की लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक– 15.06.2014 को निर्धारित है। लिखित परीक्षा दो पालियों में मुजफ्फरपुर एवं दरभंगा शहर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा का आयोजन नीचे दिये गए कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जायेगी।

परीक्षा की तिथि	समय		सीईएन सं0 एवं कोटि संख्या	पद	डुप्लिकेट बुलावा पत्र जारी करने की तिथि एवं स्थान (समय 10.00 बजे से 17.00 बजे तक)
	प्रथम पाली	द्वितीय पाली			
15.06.2014	11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक	03.00 बजे अपराह्न से 04.30 बजे अपराह्न तक	सीईएन–01/2014, कोटि संख्या–01	सहायक लोको पायलट	12.06.2014 से 14.06.2014 तक, रेलवे भर्ती बोर्ड,मुजफ्फरपुर कार्यालय में

दिनांक– 15.06.2014 की लिखित परीक्षा हेतु अस्थायी रूप से पात्र पाये गये अभ्यर्थियों को उनके आवेदन–पत्र पर दिये गये पते पर बुलावा–पत्र भेजा जा चुका है । जिन अभ्यर्थियों के आवेदन–पत्र रद्द किये गये हैं, उन्हें भी आवेदन पत्र रद्द होने की सूचना भेजी जा चुकी है। बिलम्ब से या गलत पते पर डाक पहुँचने के लिए रेलवे भर्ती बोर्ड, मुजफ्फरपुर जिम्मेवार नही होगा। अस्थायी रूप से पात्र पाये गए अभ्यर्थियों को अगर प्रवेश–पत्र नहीं मिले या अगर उनमें नाम, कोटि संख्या, फोटो एवं मुफ्त प्राधिकार(अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) संबंधी त्रुटि पाया जाता हो तो वे उपर्युक्त निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर आकर डुप्लिकेट बुलावा–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थी को आवेदन–पत्र जमा करने का पर्याप्त प्रमाण जैसे– डिमाण्ड ड्राफ्ट्स/आई.पी.ओ. की प्रति तथा दो पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो, जन्म तिथि का प्रमाण एवं जाति प्रमाण–पत्र के साथ स्वयं उपस्थित होना है, ताकि उन्हें सही/डुप्लिकेट प्रवेश पत्र निर्गत किया जा सके। वसर्ते उनका नाम अस्थायी रूप से पात्र अभ्यर्थियों की मास्टर लिस्ट में शामिल हो।

आवेदन पत्र का स्टेटस बेवसाईट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र की स्थिति यथा पात्र/अपात्र संबंधी जानकारी बेवसाईट पर देख सकते हैं। इस कार्यालय के बेवसाईट पर डुप्लिकेट बुलावा–पत्र डाउन लोड करने की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। परीक्षा तिथि के एक सप्ताह पूर्व तक बुलावा–पत्र प्राप्त न होने की स्थिति में उभ्यर्थी रेलवे भर्ती बोर्ड, मुजफ्फरपुर के अधिकृत बेवसाईट से डुप्लिकेट बुलावा पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र में मुफ्त यात्रा प्राधिकर की सुविधा नही होगी । डाउनलोड किया गया प्रवेश पत्र लिखित परीक्षा हेतु मान्य होगा ।

डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र के निर्धारित स्थान पर पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो लगाकर उसे राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित कराना आवश्यक होगा ।

डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र के आधार पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को पहचान पत्र स्वरूप निम्नलिखित में से कोई एक कागजात अवश्य लाना हैः– (1) मतदाता पहचान पत्र।(2) मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान द्वारा निर्गत पहचान–पत्र। (3) पैन कार्ड। (4) ड्राईभिग लोईसेंस। (5) पासपोर्ट। (6) विकलांग प्रमाण–पत्र। (7) किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा अपने लेटर हेड में जारी फोटो पहचान–पत्र।

यदि किसी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के पश्चात् मूल प्रवेश पत्र प्राप्त होता है तो, ऐसी स्थिति में वह किसी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए मूल प्रवेश पत्र लेकर ही परीक्षा केन्द्र में जायें।

महत्वपूर्णः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अनाधिकृत बेवसाईट से सावधान रहें जो अभ्यर्थियों को भ्रमित करन सकती है । अभ्यर्थी सिर्फ रेलवे भर्ती बोर्ड, मुजफ्फरपुर के अधिकृत बेवसाईट (1) **www.rrbmuzaffarpur.gov.in** एवं (2) **rrbmuzaffarpur.bih.nic.in** पर ही लॉग ऑन करें ।

अध्यक्ष

दिनांकः 26.05.2014